दैनिक भास्कर 20/04/2023

# स्टूडेंट्स को इंडस्ट्रियल एरिया में करवाई विजिट



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज के वाणिज्य विभाग व कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की तरफ से नेटमेक्स चंडीगढ़ में एक दिवसीय औद्योगिक (इंडस्ट्रियल विजिट) दौरा करवाया। इस विजिट में बीसीए के 57 और वाणिज्य विभाग के 58 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। स्टूडेंट्स को बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिकृत कंपनी है और उन्हें ड्रोन से डेमो देकर सिखाया गया। कॉलेज ने इस कंपनी के साथ एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए जो भविष्य में इन सभी विद्यार्थियों के लिए लाभकारी होंगे। इस मौके पर वाणिज्य विभाग से डॉ. सुरेंद्र कुंडू और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग से श्याम रहेजा, गायत्री, रमनीत और उदिता मौजूद थे।